संख्या-101/2015/1840/78-2-2015-38आई.टी./2015टीसी

प्रेषक,

आलोक रंजन,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव,
समाज कल्याण/ग्राम्य विकास/माध्यमिक शिक्षा/अल्पसंख्यक कल्याण/पशुपालन/राजस्व/कृषि/नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन/विकलांग कल्याण/श्रम/ऊर्जा/सचिवालय मा. मुख्यमन्त्री कार्यालय, उ0प्र0 शासन।

आई.टी. एवं इलेक्टानिक्स अनुभाग-2 **लखनऊः दिनांकः 03 दिसम्बर, 2015**

विषयः मा0 मुख्यमन्त्री कार्यालय हेतु मेगा कॉल सेन्टर परियोजनान्तर्गत चयनित योजनाओं की सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत ही हैं कि मा. मुख्यमन्त्री कार्यालय हेतु एक मेगा कॉल सेन्टर की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। इस प्रकार से स्थापित किये जाने वाले सेन्टर के माध्यम से प्रारम्भिक चरण में प्रदेश के कुछ विभागों की प्रमुख चयनित योजनाओं के बारे में सम्बन्धित लाभार्थियों से स्वतंत्र फीडबैक प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी ताकि प्राप्त फीडबैक के आधार पर योजनाओं के संचालन की व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके। आपके विभाग/कार्यालय की चयनित योजना/योजनायें निम्न तालिका में प्रस्तुत हैं:-

क्र.सं.	विभाग	योजना का नाम
1.	समाज कल्याण	1. समाजवादी पेंशन, 2. वृद्धावस्था पेंशन
2.	ग्राम्य विकास	3. लोहिया आवास
3.	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	4. 108 एम्बुलेंस सेवा, 5. 102 एम्बुलेंस सेवा
4.	माध्यमिक शिक्षा	6. लैपटाप वितरण, 7. कन्या विद्याधन, 8. पढ़ें बेटियाँ और बढ़ें बेटियाँ
5.	अल्पसंख्यक कल्याण	9. हमारी बेटी उसका कल
6.	पशुपालन	10. कामधेनु, 11. मिनी कामधेनु, 12. कुक्कुट नीति
7.	राजस्व	13. कृषक दुर्घटना बीमा
8.	कृषि	14. सोलर फोटो वोल्टेक इरीगेशन पम्प
9.	नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन	15. बैट्री पावर्ड मोटराइज्ड रिक्शा
10.	विकलांग कल्याण	16. विकलांग पेंशन
11.	श्रम	17. साईकिल वितरण
12.	ऊर्जा	18. राजीव गॉधी ग्रमीण विद्युतीकरण, 19. नये उपकेन्द्रों की स्थापना
13.	सचिवालय, मुख्यमन्त्री कार्यालय	20. मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता।

- चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा यूपीडेस्को के प्रारूप पर सूचनाएं उपलब्ध करा दी गयी हैं।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2. प्रारम्भ में वर्ष 2012-13, 2013-14 एवं 2014-15 के लाभार्थियों से फीडबैक प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है जिनके विवरण उनके दूरभाष/मोबाइल नम्बर के साथ चयनित होने वाले सिस्टम इन्टीग्रेटर को लाभार्थियों से फीडबैक प्राप्त करने हेतु उपलब्ध कराने की अनिवार्यता है। मेरे संज्ञान में लाया गया है कि आपके विभाग से या तो यूपीडेस्को को उपलब्ध करायी गयी लाभार्थियों की सूची में उनके दूरभाष/मोबाइल नम्बर की पूर्णरूपेण उपलब्धता अभी तक नहीं करायी जा सकी है अथवा कोई भी सूचना यूपीडेस्को को उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

3. उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने विभाग से उक्त चयनित योजना/योजनाओं के संदर्भित वर्षों के लाभार्थियों की सूची उनके दूरभाष/मोबाइल नम्बर सहित यूपीडेस्को द्वारा पूर्व में प्रेषित प्रारूप पर उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को), द्वितीय तल, अपट्रान बिल्डिंग, निकट गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध करा दी जाएं। दूरभाष/मोबाइल नम्बर की सूचना प्रेषित करने से पूर्व विभाग स्तर से यह भी जांच करा लिया जाय कि यह नम्बर त्रृटिपूर्ण न हों। यह परियोजना/कार्य शासन के वर्ष 2015-16 के निर्धारित विकास एजेण्डा सूत्र-146 से आच्छादित है जिसका सतत् अनुश्रवण किया जा रहा है अतः इस कार्य हेतु अपने स्तर से विशेष ध्यान देते हुए कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आलोक रंजन)
मुख्य सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।